तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 मई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 कार्यकर्ता सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं



## खबर संक्षेप

### कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा स्थगित

**बैकुण्ठपुर।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। उक्त संबंध में सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग ने जानकारी दी है कि उक्त परीक्षा 26 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जानी थी। वर्तमान में आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण परीक्षा स्थगित की गई है। इस संबंध में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं पालकों को सूचित किया गया है कि फिलहाल आवेदन जमा न करें। शासन से आवंटित संस्थाओं में प्रवेश संबंधी आवश्यक निर्देश प्राप्त होते ही नई सूचना जारी की जाएगी।

### लू से बचने के लिए बरतें सावधानी

**अनूपपुर।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तपिश को देखते हुए प्रशासन ने आम जनता के लिए जरूरी बातें साझा की हैं। सावधानी ही सुरक्षा है की बात दोहराते हुए लोगों से कहा गया है कि वे लू की चपेट में आने से बचने के लिए सतर्क रहें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। प्रशासन ने लोगों से कहा है कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच, जब सूरज की गर्मी सबसे ज्यादा होती है, बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि बाहर जाना ही पड़े, तो सिर को छाते, टोपी या सूती गमछे से ढककर निकलें। गर्मी के दिनों में शरीर में पानी की कमी न होने दें। प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। हल्के रंग के और ढीले सूती कपड़े पहनना शरीर के लिए आरामदायक होता है। खाने में हल्का और ताजा भोजन लें तथा ज्यादा तेल-मसाले वाली चीजों से परहेज करें। घर के बड़े-बुजुर्गों और बच्चों पर गर्मी का असर जल्दी होता है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें। उन्हें ठंडी जगह पर रखें और समय-समय पर पानी या अन्य पेय पदार्थ देते रहें। अगर किसी को चक्कर आए, तेज सिरदर्द हो या बहुत ज्यादा कमजोरी लगे, तो उसे तुरंत छाया वाली ठंडी जगह पर ले जाएं और पानी पिलाएं।

### पेड़ से गिरे वृद्ध और बालक की मौत

**अम्बिकापुर।** पेड़ से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में वृद्ध व बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। वृद्ध कटहल तोडते समय जबकि बालक आम तोड़ते समय पेड़ से गिर गए थे और दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम निम्हा निवासी विमलेश पैकरा आ. नंदलाल पैकरा (11 वर्ष) 27 मई को दोस्तों के साथ देव स्थल स्थित आम पेड़ में आम तोड़ने गए थे। बालक पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन बालक को गंभीर हालत में लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर आपात कालीन केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में गाधीनगर चिखलाडीह गिद्धापहरी निवासी मोहित आ. स्व. प्रेम साय (60 वर्ष) 27 मई को घर के समीप कटहल पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ रहा था। इसी दौरान वृद्ध पेड़ से नीचे गिर गया। वृद्ध को पेड़ के नीचे गंभीर हालत में देख ऋषि राम शांडिल्य ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

### बैकुंठपुर में सुबह-सुबह तेज आंधी और बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत

# नवतपा के बीच मौसम ने ली करवट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मई के अंतिम सप्ताह में नौतपा की तपती धूप की वजह से झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। इसी बीच शुक्रवार की सुबह कोरिया जिले में अचानक तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर हल्की बारिश हुई, इससे तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली और मौसम के अचानक करवट बदलने के कारण तापमान में भी गिरावट हुई।

नौतपा के पांचवे दिन 29 मई को सुबह करीब 5:30 बजे जिले में तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई और कुछ देर के बाद कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आंधी के साथ हल्की बौछार पड़ी और थम गई, इसके बाद मौसम खुशनुमा हो गया। आंधी हल्की बौछार के दौरान आसमान में काले बादल छाए रहे, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि जमकर बारिश होगी, लेकिन हल्की बौछार के बाद मौसम खुल गया और फिर ठंडी हवाएं चलने लगी।

इस दिन बैकुंठपुर के अलावा जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बौछारे पड़ी, इसके साथ ही मौसम में थोडी ठंडक सुबह के समय घुल गई, लेकिन दिन में फिर तेज धूप का असर दिनभर बना रहा। विदित हो कि इसके एक दिन पूर्व गुरूवार को भी जिले के पटना अंचल के ग्राम छिंदिया व आस पास बारिश हुई थी। अचानक मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी इसी तरह के मौसम के कारण तापमान में गिरावट ही रहेगी, इससे नौतपा में जिस तरह से भीषण गर्मी पड़नी चाहिए उस परा विराम लग गया है।



### कई जगहों पर टूटी पेंड की डालियां

**सोनहत।** भीषण गर्मी और नवतपा के बीच शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सुबह अचानक चली तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गरइं। वहीं बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित था। मौसम बदलने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि तेज आंधी के चलते बिजली आपूर्ति भी कुछ क्षेत्रों में प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।



### अंधड़ से गिरे डंगाल

शुक्रवार की सुबह चली अंधड़ के कारण कई क्षेत्रों में पेड़ों के डंगाल टूटकर गिर गए, लेकिन किसी भी क्षेत्र से अप्रिय स्थिति की खबर नहीं मिली। अचानक तेज हवाओं के चलने के कारण आम पेड़ों से आम फल टुटकर गिर, जिसे एकत्र करने आम के बगीचे के नीचे सुबह के समय जुटे रहे।

**बारिश ने किया तपिश को शांत:** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार रोहिणी नक्षत्र के शुरूआती नौ दिनों को नौतपा कहा जाता है, इस दौरान प्रचंड गर्मी पड़ती है और नौतपा के दौरान पूरे नौ दिनों तक धरती तपे तो आगे मानसून अच्छा रहता है, लेकिन इस वर्ष नौतपा के पांचवे दिन ही आंधी बारिश ने नौ तपा की तपिश को शांत कर दिया, अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार अभी आगे भी इसी तरह के मौसम के हालात बने हुए हैं।

### आगे भी खराब हो सकता है मौसम

शुक्रवार सुबह चली ठंडी हवाओं और बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सुबह दफ्तर और स्कूल जाने वाले लोगों को बारिश के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं किसानों और आम लोगों ने मौसम परिवर्तन को राहत भरा बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवतपा के बीच अचानक हुई बारिश से गर्मी का असर काफी कम हुआ है। हालांकि तेज हवा और बारिश के कारण जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित भी रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी घंटों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवा चलने की संभावना बनी हुई है।

# पानी से भरा टैंकर पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

जल वितरण के लिए पानी भरकर निकला ट्रैक्टर मोड़ के पास अनियंत्रित हो जाने से पलट गई, इस घटना में चालक की मौत हो गई।

■ पानी वितरण के लिए निकला था ट्रैक्टर

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी में टैंकर से जल वितरण के लिए टैंकर लेकर ट्रैक्टर चालक शिवचरण सिंह पिता शोभन सिंह उम्र 35 वर्ष ग्राम कछार में टैंकर लेकर पहुंचा और वहां टैंकर में पानी भरकर निकाला, इसी दौरान ग्राम कछार में साहू किराना दुकान के निकट ढलान के साथ मोड़ के पास टैक्टर से चालक का नियंत्रण हट गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल सोनहत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर घायल चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पीएम करा परिजन को सौंप दिया।



पलटा ट्रैक्टर।



मृत चालक।

### कभी नाबालिग के हाथों स्टेयरिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद के ग्राम पंचायत कटगोड़ी में टैंकर से जल वितरण की व्यवस्था की गई है। इस कार्य में जिस टैंकर से पेयजल सप्लाई वितरण किया जाता है, उसमें कोई स्थाई चालक नहीं, बल्कि बदल -बदल कर चालक ट्रैक्टर चलाते हैं। जानकारी के अनुसार कभी तो नाबालिक चालकों के हाथों ट्रैक्टर की स्टेयरिंग थमा दी जाती।

# इंटक और लोकमंच का निगम प्रशासन पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी शहर में पानी, बिजली, साफ-सफाई और सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस समर्थित श्रमिक संगठन साऊथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक और सामाजिक संगठन लोकमंच ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दोनों संगठनों ने निगम आयुक्त को स्मरण पत्र सौंपते हुए 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

■ 15 दिन में समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

संगठनों का आरोप है कि शहर की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी समस्या समाधान के बजाय जिम्मेदारी से बचने में लगे हुए हैं। शहर की अधिकांश सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात शुरू होने के बाद स्थिति और भयावह होने की आशंका जताई जा रही है। पेयजल संकट को लेकर भी लोगों में भारी नाराजगी है। गोदरीपारा में पानी की समस्या से परेशान नागरिकों को सभी राजनीतिक दलों के साथ संयुक्त धरना देने तक की नौबत आ गई थी। वहीं शहर के मध्य हल्दीबाड़ी क्षेत्र में भी जल संकट की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप लगाया गया कि निगम अधिकारी समस्याओं को स्वीकारने के बजाय प्रस्ताव और स्वीकृति की औपचारिक प्रक्रिया का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। इंटक अध्यक्ष एवं लोकमंच अध्यक्ष तथा पूर्व महापौर डमरू रेड्डी ने बताया कि शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व में 38 सूत्रीय ज्ञापन नगर निगम आयुक्त रामप्रसाद आंचला को सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसके बाद दोनों संगठनों ने स्मरण पत्र जारी कर पुनः मांगों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में साफ-सफाई, बिजली-पानी, ठेका कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान, बीमा सुविधा, मृत कर्मचारी स्वर्गीय बाबूलाल के परिजन को बीमा राशि देने, पीलिया से मृत लोगों के परिवारों को मुआवजा देने, नगर निगम की एम्बुलेंस, शव वाहन और सिटी बस सेवा को दुरूस्त करने, पानी टंकियों और टैंकरों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, हल्दीबाड़ी से बड़ा बाजार मार्ग निर्माण, शहर की सड़कों की मरम्मत, मुक्तिधाम में लकड़ी व्यवस्था, अलाव व्यवस्था, रोड सेफ्टी मिरर और ओपन जिम की मरम्मत, पट्टा वितरण प्रक्रिया शुरू करने सहित कई मांगे शामिल हैं। संगठनों ने आरोप लगाया कि कमीशनखोरी के चलते अनावश्यक वाहनों और सामग्रियों की खरीदी कर उन्हें फायर स्टेशन के गोदाम में सड़ने ⏭ शेष पेज 4 पर

### चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं कि जो चाहो वही होगा : टीएस

**अम्बिकापुर।** विधायक द्वारा की गई मारपीट और एफआईआर दर्ज होने को लेकर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का भी बयान सामने आया है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि अपराध दर्ज हुआ है तो कहीं ना कहीं कोई घटना घटित हुई होगी। जहां आपके पास मतदाताओं ने सत्ता में रहकर उनकी देखरेख करने की जवाबदारी दी है। जिन माध्यम से आपको जवाबदारी पूरी करनी है वहां मनमानी करने की मंशा रखोगे तो वो प्रजातंत्र नहीं रह जाता। आप मात्र चुने हुए जनप्रतिनिधि हो जो संविधान के प्रावधानों और कानूनों के अंतर्गत काम करने के लिए काम करने के स्वत्रन्त्र हो। चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं होता कि आप जो चाहो वो कर सकते हो या जो चाहोगे वही होगा।

# सरई व महुआ पेड़ों की छांव में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम लटमा में सरई एवं महुआ पेड़ों की छांव में खुले मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

■ नशा से दूर रहने दिलाई गई शपथ

शिविर में 11 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए तथा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन को गांव-घर तक पहुंचाकर आम लोगों की समस्याओं को सुनना तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, इसलिए सभी विभागों के स्टॉल एक ही स्थान पर लगाए गए हैं ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी और समाधान दोनों एक साथ मिल सके। डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में गांव-घर की बड़ी समस्याओं ⏭ शेष पेज 4 पर

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत



**बैकुंठपुर।** कलेक्टर कार्यालय बैकुंठपुर के समीप 28 मई की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे घूम रही गौ माता को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से शाम तक गाय का शव सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन न तो नगर प्रशासन और न ही संबंधित विभाग का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। कलेक्टर कार्यालय जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास हुई इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। राहगीरों और क्षेत्रवासियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि गौ संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता नजर नहीं आती। समय रहते यदि संबंधित विभाग सक्रिय होता, तो कम से कम गौ माता के शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जा सकता था। स्थानीय नागरिकों ने अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# 10 हितग्राहियों को उन्नत नस्ल के बकरे वितरित



**बैकुण्ठपुर।** ग्रामीणों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं के तहत सोनहत विकासखंड के ग्राम तंजरा में मनरेगा एवं आजीविका मिशन के माध्यम से पशुपालकों को बड़ी सौगात मिली है। यहां बकरी पालन करने वाले हितग्राहियों के लिए मनरेगा के तहत गोठान शेड निर्माण कराया गया है तथा स्व सहायता समूह से जुड़ी 10 महिलाओं को उन्नत नस्ल के जमनापारी एवं सिरोही बकरे प्रदान किए गए हैं।

जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में यह कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम तंजरा में अधिकांश परिवार बकरी पालन से जुड़े हुए हैं। मनरेगा के तहत ग्राम तंजरा के 10 हितग्राहियों के यहां लगभग 14 लाख 90 हजार रूपए की लागत से बकरी शेड का निर्माण कराया गया है। वहीं आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं को उन्नत नस्ल के बकरे उपलब्ध कराए गए हैं। जगत ने बताया कि वर्तमान में बकरी पालन से हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 3 हजार से 18 हजार रूपए तक की आय प्राप्त होती है, जबकि उन्नत नस्ल के बकरों के माध्यम से उन्हें अनुमानित एक लाख रूपए से अधिक वार्षिक लाभ मिलने की संभावना है। फूलसाय, सुखलाल, अशोक, हीरासाय, रामबिलास, यहाबीत, प्रेमसिंह, रामदास, गोविंद सिंह एवं देवधारण को शेड निर्माण का लाभ मिला है। वहीं सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम पंचायत लटमा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में स्व सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती धनपतिया, सनमत, सोनमती, इंद्रकुंवर, कौशिल्या, सुमित्रा, निरासो, लीलावती, सोनकुंवर एवं सहोदरी बाई को एक-एक उन्नत नस्ल का बकरा प्रदान किया गया। इन महिलाओं के पास वर्तमान में 6 से लेकर 30 तक बकरियां हैं, जिससे वे पहले से ही बकरी पालन व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने तथा पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी

# शहर में बिक रहे सड़े-गले फल जब्त, कराए गए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में फल विक्रेताओं के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पिछले तीन दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर बड़ी मात्रा में सड़े-गले फल एवं खराब खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश एवं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने 27 से 29 मई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। अभियान के पहले दिन 27 मई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 6 फल दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खराब पाए गए 22 किलोग्राम आम, 4 किलोग्राम सेब, 14 दर्जन केले, 1 किलोग्राम संतरा एवं 500 ग्राम अनार नष्ट कराया गया। दूसरे दिन 28 मई को टीम ने पटना क्षेत्र में 9 फल दुकानों की जांच की। इस दौरान दुकानदारों को सड़े एवं खराब फल विक्रय नहीं करने तथा दुकानों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं 29 मई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पुनः सघन जांच अभियान चलाया गया, इसमें 5 दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान 65 किलोग्राम तरबूज, 12 किलोग्राम आम, 1 किलोग्राम सेब, 2 दर्जन केले, 1 किलोग्राम अंगूर एवं 1 किलोग्राम चुकंदर सहित कुल 77 किलोग्राम से अधिक खराब फल नष्ट कराए गए। अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गर्मी के मौसम में सड़े-गले एवं हानिकारक रसायनों से पकाए गए फल बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी फल विक्रेताओं को साफ-सफाई बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण फल विक्रय करने के निर्देश दिए।



### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 15 जून तक

**बलरामपुर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था वाड्रफनगर में व्यवसाय फिटर, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार एवं कोपा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं।


VENUS PARK
Come home to peace.
A HAVEN YOU'LL
CHERISH
EVERY
SINGLE DAY!
RESTAURANT
(3 MIN)
HOSPITAL
(5 MIN.)
SCHOOL
(2 MIN.)
BANK
(2 MIN.)
MARKET
(5 MIN.)
@VIDHANSABHA
ROAD, RAIPUR
• PREMIUM DEVELOPED PLOTS
• CUSTOMIZED BUNGALOWS • LIFESTYLE-ENHANCING AMENITIES
A Complete Lifestyle Experience
GRAND ENTRANCE GATE
24X7 SECURITY
CLUB HOUSE & LIFESTYLE AMENITIES
BEAUTIFUL TEMPLE
CHILDREN'S PLAY AREA
GREEN ATMOSPHERE
LANDSCAPING & WATER BODIES AT THE ENTRANCE GATE
CONCRETE ROADS WITH FOOTPATH
UNDERGROUND ELECTRICITY & SEWAGE
SEWAGE TREATMENT PLANT
DESIGNER STREET LIGHTS
ECO-FRIENDLY WATER HARVESTING SYSTEM
REGISTERED SOCIETY & SEPARATE SOCIETY OFFICE
CLUB VENUS
SWIMMING POOL & KIDS' POOL
GYMNASIUM
TEMPLE
OUTDOOR GAMES – BADMINTON COURT, MULTIPURPOSE COURT – FOR CRICKET, BASKETBALL, ETC.
ORA MAKERS
Own your real asset.
99939 08222 | 99939 07333
venuspark.ora@gmail.com
venusparkraipur
Behind Brighton International School,
Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur
RERA NO. PCGRERA200125001871
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN

## खबर संक्षेप

### मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत

प्रतापपुर। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेसाम अली के नेतृत्व में कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर रातभर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई, जिससे शासन की लाखों रुपये की राशि का दुरुपयोग हुआ और रोजगार अधिकारों पर असर पड़ा है। शिकायत में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा अंतर्गत मिट्टी बांध निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। 19 मई की रात पंचायत द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर निर्माण कराया गया। मो. हेसाम अली ने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंचायत द्वारा मशीनों से कार्य कराकर मजदूरों का हक छीना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना तत्काल संबंधित इंजीनियर और एसडीओ को दी गई, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान जेसीबी मशीन उपयोग के स्पष्ट संकेत मिलने की बात सामने आई। मो. हेसाम अली ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर दी गई जानकारी



राजपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इसी कड़ी में जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में जिला समन्वय स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमती, जनपद सीईओ संजय दुबे कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कचरा पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते कचरे के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांवों और शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमति ने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय एवं एनजीटी के निर्देशों के तहत विशेष अधिसूचित क्षेत्रों, तीर्थ स्थलों, बस स्टैण्ड, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, मॉल, मल्टीप्लेक्स, होटल, अस्पताल, स्टेडियम, सामुदायिक भवन एवं पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का पृथक्करण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि कचरे को विभिन्न श्रेणियों जैसे वेट वेस्ट, ड्राई वेस्ट, सेनेटरी वेस्ट एवं स्पेशल केयर वेस्ट में अलग-अलग करना आवश्यक होगा। जनपद सीईओ राजपुर संजय दुबे ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उल्लंघन करने पर मौके पर जुर्माना एवं आपराधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा।

### ग्राम मदनपुर स्थित एनएच पर कार चालक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर

बिश्रामपुर। एन एच 43 स्थित मदनपुर ग्राम के चौदहा पेट्रोल पंप के सामने हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और हालत बिगड़ने पर रायपुर रेफर करना पड़ा। जयनगर पुलिस ने बताया कि 18 मई की सुबह करीब 10.30 बजे सूरजपुर के बंगालीपारा वार्ड क्रमांक 8 निवासी वैभव तिवारी ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दी कि उनके ससुर सुबोध हलदार ग्राम मदनपुर बाजारपारा से पैदल एनएच 43 किनारे स्थित एक मोबाइल दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हुंडई एक्सेंट कार क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 1859 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर लगने के बाद सुबोध सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। परिजन के अनुसार हादसे के बाद घायल सुबोध को तत्काल होली क्रॉस अस्पताल ले जाया गया जहां 21 मई तक उनका उपचार चला लेकिन सिर और शरीर में गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज डीकेएस अस्पताल रायपुर में जारी है जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्रामीण उबड़ खाबड़ रास्ता तय कर आते थे मुख्य मार्ग तक

# पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे बतौली क्षेत्र के गांवों के लिए पीएम जन मन सड़क योजना बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

आजादी के 77 वर्षों तक पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे गांवों तक बनी प्रधानमंत्री जन मन सड़क योजना आज वरदान साबित हो रही है। पहले पगडंडी व पथरीली रास्तों से अपनी जरूरतों को पूरा करने पैदल ही लंबी दूरी तय कर लोग मजबूर थे वहीं उस रास्ते में आज वहीं चार चक्का वाहन धड़ल्ले से आवागमन कर रही है जिससे पहुंचविहीन क्षेत्र का दंश झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

**खास बात**
- व्यवस्थित मार्ग नहीं होने से प्रसूता सहित वृद्ध व बीमार लोगों को होती थी परेशानी

जिले के बतौली क्षेत्र में बहुत से दूरस्थ व पहुंचविहीन गांव थे जहां ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने पगडंडी रास्तों में सफर करने को मजबूर थे। इसके अलावा पगडंडी रास्तों से ही बीमार मरीजों को खाट में ढोकर 108 व 112 वाहन तक कड़ी मशक्कत कर पहुंचाते थे। बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलने पर जान भी गंवानी पड़ी है। साथ ही राशन लेने भी पगडंडी रास्तों का उपयोग दूरस्थ स्थल में ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। सड़क की समस्या से क्षेत्र ग्रामीण आजादी के बाद भी जूझते नजर आ रहे थे लेकिन अब प्रधानमंत्री जन मन सड़क ग्रामीण के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

पहले जहां ग्रामीण सड़क की समस्या से जूझ रहे थे उस क्षेत्र में भी पीएम जनमन योजना के तहत बनी पक्की लोगों को काफी राहत दी है और क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क जरूरतों को पूरा करने का सुगम माध्यम बन गया है।



दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बनी नवनिर्मित सड़क।

**दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ा**

केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन मन सड़क कार्य दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पहले जहां ग्रामीणों को घंटो पैदल यात्रा कर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते थे लेकिन सड़क बनने के बाद कुछ समय ही ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय पहुंच जाते है। सड़क बनने से लोगों को अस्पताल, शिक्षा,खेती किसानी करने का माध्यम बन गया है। क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र नकना से जोबलापारा, सरमना से कोईलारढोंडी, बाषाझाल से कदमहुआ,पहाड़ चिरगा से बिसरपानी, कदनई से समनिया तक पक्की सड़के बनाई गई है जिससे लोगों को पगडंडी रास्तों से राहत मिला है जो ब्लॉक मुख्यालय ,राष्ट्रीय राजमार्ग,तक ग्रामीणों का जुड़ाव हो रहा है।

**पर्यटन स्थल से जुड़ा दालधोवा जलप्रतात**

बिजलहवा से मड़वासई तक बनी जन मन योजना की पक्की सड़क ने मैनपाट पर्यटन स्थल से सेदम दालधोवा जलप्रपात को जोड़ने का काम किया है। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सेदम से मैनपाट मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिससे सेदम जलप्रपात को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने यह जन मन की सड़क कारगर साबित होगा।

**सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर**

पीएम जन मन के तहत सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है जिससे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कई कार्य प्रगति पर है जिन्हें गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

-विकास कौशिक
ईई, पीएम जनमन योजना



## कम ऊंचाई पर उड़ान भर रहा हवाई जहाज बना पहेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

पिछले एक पखवाड़े से दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भर रही एक हवाई जहाज क्षेत्रवासियों के लिए पहेली बनी हुई है। प्रायः हर दिन आसमान से हवाई जहाज को गुजरते देख लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। इसके पूर्व जशपुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर में भी बेहद कम ऊंचाई से लम्बे समय तक एक हवाई जहाज के रोज चक्कर लगाने की चर्चा जोरों पर थी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि शासन की कोई एजेंसी हवाई जहाज से चक्कर लगाकर क्षेत्र में उपलब्ध खनिजों का सर्वेक्षण कर रही हैं वहीं कुछ ग्रामीण देश के चर्चित उद्योगपति द्वारा क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का हवाई मार्ग से सर्वेक्षण कराने की बात कह रहे है। खास बात है कि हवाई जहाज के संबंध में प्राशासनिक अधिकारियों को भी कोई जानकारी नहीं है। हवाई जहाज प्रायः हर दिन विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री, कुप्पा, बसनारा के ऊपर से बेहद कम ऊंचाई से गुजरता है तथा महुली, कोल्डीहा के रास्ते मध्यप्रदेश के सिंगरौली की ओर चला जाता है।

इस संबंध में एसडीएम चांदनी कंवर ने बताया कि कम ऊंचाई पर एक हवाई जहाज के उड़ान भरने की सूचना मिली है। इस संबंध में जानकारी लेती हूं।

### ओपीडी में गंभीर हालत में पड़े ग्रामीण की मौत



अम्बिकापुर। 27 मई को 30 वर्षीय ग्रामीण ओपीड़ी में अचेत हालत में पड़ा हुआ था। इसी दौरान अचेत पड़े ग्रामीण पर ओपीडी तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी तो सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे वार्ड में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पास अस्पताल का पर्ची मिला जिसमे उसका नाम आशीष व बतौली क्षेत्र निवासी लिखा था। बहरहाल पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है साथ ही परिजन की तलाश शुरू कर दी है।



## बनारस से आए पुजारियों के दल ने की भव्य गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं तत्पर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान बनारस से आए पुजारियों द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- ग्राम कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट और संकट मोचन मंदिर में गूंजे भजन कीर्तन

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल रुद्राभिषेक एवं मां गंगा के पूजन-अर्चन से हुई। देर शाम रिंहद नदी तट पर बनारस से आए पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और मधुर भजनों के बीच लगभग आधे घंटे तक भव्य गंगा आरती की। दीपों की रोशनी, शंखध्वनि और भक्ति संगीत के बीच हुई आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने नदी तट पर दीपदान भी किया। आयोजन में नदी तट दीपों की श्रृंखला भी सजाई गई थी,अंत में प्रसाद वितरण किया गया।इसी क्रम में बुधवार शाम बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भी विशेष आरती का आयोजन किया गया। बनारस से आए पांच पुजारियों के दल ने भगवान श्री हनुमान जी की आकर्षक आरती प्रस्तुत की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुईं और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विभिन्न भजनों और आरती गीतों के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।आयोजन को सफल बनाने में आचार्य पंडित बालकिशुन गर्ग 'भोला महाराज' एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन और आरती संपन्न कराई।

## सर्वेश्वरी समूह ने जेल में लगाया मेडिकल कैम्प

अंबिकापुर। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अघोरेस्वर महाप्रभु को नमन करते हुए अंबिकापुर आश्रम के व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर के संचालन एवं प्रमोद श्रीवास्तव के सहसंचालन में केन्द्रीय जेल में वृहद् मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

- वृद्धाश्रम, बाल आश्रम, जिला अस्पताल में किया फल वितरण



शिस कैम्प में डॉ. अनिल सिंह, डॉ. द्ववेदी, डॉ. अर्पण, डॉ. अनुभा, डॉ. अर्पणा एवं अन्य चिकित्सको ने अपना सहयोग दिया। चिकित्सकों ने 600 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दावा वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त बंदियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया और 84 बंदियों को चश्मा दिया गया। मेडिकल कैंप के संचालन में जेल अधीक्षक अक्षय राजपूत, जेल स्टाफ एवं आश्रम के स्वयं सेवक राहुल जयसवाल, संजीव सिंह, रवि सोनी, मनोज सिंह एवं रविशंकर सिंह ने सहयोग किया। इस 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत ही शहर के विभिन्न वृदाश्रम, बाल-आश्रम, अनाथालय, दिव्यंगा-आश्रम (घरोंदा) एवं जिला चिकित्सालय में फल तथा बिस्कुट का वितरण किया गया। साथ ही छोटे बच्चों के उपयोग में आने वाले वस्तुओं एव मेडिकल किट का भी वितरण किया गया। निसक्त एवं बेसहारा लोगो को भोजन का पैकेट दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम की महिला स्वयं सेवक प्रतिमा राय, राखी सोनी, श्वेता सिंह, बबीता ताम्रकर, नीता सिंह, दीपिका श्रीवास्तव एवं उनके सहयोग के लिए अजय, दुहन, ओपी सिंह, सचिन, सुरेश व दिलीप उपस्थित रहे।

## मासिक स्वच्छता दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

स्वस्थ नारी, सशक्त नारी के संकल्प के साथ 28 मई को मासिक स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता अपनाना, जीवन संवारना और मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़िवादिता व झिझक को दूर करना है।

स्काउट्स एवं गाइड्स और यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हाई स्कूल फुलचुही, उदयपुर के स्काउट्स मास्टर विपिन बिहारी गहवई ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर मासिक रक्षा सूत्र भी पहनाकर समाज के संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य व सम्मान को बढ़ावा देने के लिए पाच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता रखें, स्वस्थ रहें, सही जानकारी, सुरक्षित भविष्य, सैनिटरी पैड का उपयोग करें, समय पर पैड बदलें, खुलकर बात करें, शर्म को दूर करें। अभियान के तहत 'एक कदम स्वच्छता की ओर,



एक कदम सशक्त समाज की ओर' का नारा दिया गया। आयोजकों का मानना है कि जब देश की महिला स्वस्थ होगी, तभी एक सशक्त परिवार और मजबूत समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर लोगों से स्वच्छता अपनाए', 'सफाई का ध्यान रखें', सही उत्पाद का उपयोग करें और जानकारी बढ़ाएँ, जागरूक बनें'जैसे संकल्प लेने की बात कही।

## मरीज को फाइलेरिया से बचाव की दी गई जानकारी

प्रतापपुर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड प्रतापपुर में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सतत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम मानी निवासी फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीज राजकुमार आ. परमेश्वर (35 वर्ष) का 2021में फाइलेरिया बीमारी का पहचान कर सतत मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज ग्राम मानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानी में मरीज को बुलाकर फाइलेरिया से बचाव हेतु प्रभावित अंग की सफाई कर नियमित साफ-सफाई, व्यायाम, त्वचा की देखरेख एवं संक्रमण से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। मरीज को आवश्यक उपचार संबंधी सामग्री देकर मार्गदर्शन भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से कहा कि फाइलेरिया से बचाव हेतु समय-समय पर चलाए जाने जा रहें गतिविधियों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर फाइलेरिया संबंधी लक्षण दिखाई देने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। यह गतिविधि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## केते एक्शटेंशन को मंजूरी रामगढ़ से प्रभु श्रीराम की ऐतिहासिक पहचान को खत्म करने वाला कृत्य

अम्बिकापुर। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने केते एक्शटेंशन कोल परियोजना को मिली स्वीकृति के बाद केंद्र व राज्य सरकार की सोच पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अडानी के एमडीओ वाली एक और कोल परियोजना केते एक्शटेंशन कोल खदान को आखिरकार केंद्र सरकार ने मंजूरी दे ही दी।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित इस कोल खदान के कुल परियोजना के विस्तृत क्षेत्र का लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा हसदेव अरण्य के संरक्षित एवं आरक्षित घने वन क्षेत्रों में है जहां 1,742.6 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होगी। जिसमें लगभग 7 लाख पेड़ों की बलि दी जाएगी। यह पूरा वन क्षेत्र सरगुजा के ऐतिहासिक रामगढ़ पहाड़ से लगा हुआ है, जिसका अस्तित्व इस कोल खदान के स्वीकृति के साथ ही समाप्त होने की ओर इशारा करता है। वास्तव में यह कोल परियोजना हवाई दूरी में रामगढ़ की मुख्य मंदिर से 8 किमी की दूरी पर है। जबकि इससे अधिक दूरी पर चल रहे अन्य कोल परियोजनाओं के कारण लगातार रामगढ़ की पहाड़ धराशायी हो रही है, कई चट्टान टूट रहे हैं, दरारें आ रही हैं। इस खदान की स्वीकृति के साथ ही रामगढ़ के पहाड़ और मंदिर के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने राज्य व केंद्र सरकार को 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा आयोजित विशेष सत्र को याद दिलाते हुए कहा है कि सर्वसहमति से यह प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे किसी भी नई कोल परियोजना को खोलने अनुमति या सहमति नहीं दी जायेगी। जिसमें विधानसभा के सदन में मौजूद सभी पार्टियों के विधायकों ने अपनी सहमति प्रदान की थी। इतना ही नहीं जुलाई 2023 में सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार ने यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया था की हसदेव अरण्य क्षेत्र में नई कोल खदानें गैर जरूरी हैं।


गर्मी में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

# विशुनपुर में 4 साल से टंकी तैयार नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

ग्राम पंचायत बिशुनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में जल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है तथा तत्काल पानी टंकी से आपूर्ति प्रारंभ करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य



यांत्रिकी विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चार वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार कराया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद योजना ग्राम पंचायत के सुपुर्द करने की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान टंकी में पानी भरा गया तो तेजी से पानी टपकने लगा। जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ताहीन पानी टंकी के निर्माण को लेकर ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया तथा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही ग्राम पंचायत द्वारा इसकी जिम्मेदारी लेने की जानकारी दी। इस दौरान ठेकेदार ने पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र की मांग की तथा दो-चार दिन के भीतर पानी टंकी की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही पूर्णता प्रमाण प्रदान करने की बात पर न तो ठेकेदार ने टपक रही पानी टंकी की मरम्मत कराई न ही विभाग के अधिकारियों ने ही इसकी खोज खबर ली। भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत बिसुनपुर अंतर्गत इमलीपारा वार्ड के लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वार्ड पंच भरत सिंह ने बताया कि संक्रमण के कारण बस्ती के तीन कुंओं का पानी काला एवं अनुपयोगी हो गया है। विभाग द्वारा बस्ती में पांच हैण्डपंप लगाए गए हैं जिनमें से दो पिछले एक साल से बंद पड़े हैं जबकि दो हैण्डपंपों से लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीणों ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया है। बस्ती में एकमात्र हैण्डपंप होने के कारण लोगों को पानी के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी जरूरत के अनुसार सुबह-शाम 400 मीटर दूर स्कूल पारा स्थित हैण्डपंप से पानी लाना पड़ रहा है। स्कूलपारा स्थित हैण्डपंप पर भारी भीड़ जमा होने के कारण पानी के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### अवैध गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा जब्त

**अम्बिकापुर।** खनिज विभाग की टीम ने राजपुर तहसील अंतर्गत अवैध गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है। अवैध खनिज परिवहन की जांच में निकली टीम ने राजपुर, बरियों एवं पस्ता में वैध दस्तावेज के बिना गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा को जब्त किया। चालक टीपी के बिना ही गिट्टी परिवहन कर रहे थे। टीम ने जब्त तीनों हाइवा को बरियों एवं पस्ता पुलिस के सुपुर्द किया है।

### शायर ए शहर यादव विकास को दी गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** शायर ए शहर यादव विकास के निधन पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा मालवीय भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके योगदान का स्मरण किया गया। सभा में उपस्थित साहित्यकारों ने स्व.यादव के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं उनकी जिंदादिली का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बीडी लाल, मुकुंदलाल साहू, डॉ.माधुरी जायसवाल, देवेन्द्र नाथ दुबे, श्याम बिहारी पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, विनोद हर्ष, संतोष सरल सहित अन्य कवियों ने शायर ए शहर यादव विकास का स्मरण किया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएमओ ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**सरिया।** सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना एक सराहनीय और जीवन रक्षक काम है। जिसे चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अक्सर निभाया जाता है। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह 9 बजे बस स्टैंड सरिया के पास सडक दुर्घटना में एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की सख्त जरूर था। इसी बीच सरिया नगर पंचायत सीएमओ लाल सिंह मरकाम रास्ते से अपने वहां से गुजर रहे थे। लोगों की भीड़ देखकर सीएमओ ने हालात को जानना चाहा और सड़क में पड़े घायल तड़प रहे थे। सीएमओ ने मानवता का परिचय देते हुए अपने कार में तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया पहुंचा और तब तक अस्पताल में रहे जब तक घायलों का प्राथमिक उपचार होता रहा। बाद में डॉक्टरों ने घायलों को रेफर कर दिया। बताया जाता है कि दो बाइक आमने सामने टकराने से बस स्टैंड के पास दुर्घटना हुई। जिसमें रायगढ़ रामभाठा निवासी एक युवती समेत तीन लोगों को चोट लगने पर सड़क में घायल अवस्था में थे। इस बीच सीएमओ लाल सिंह मरकाम ने अपने वाहन में तीनों घायलों को अस्पताल पहुंच कर पुण्य का कार्य किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि मानवता के नाते एक दूसरे की मदद अवश्य करें।

## जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

# कार्यकर्ता सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशव्यापी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन बैकुंठपुर स्थित एक निजी होटल में हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्टहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की विचारधारा, सेवा भावना और सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत और संगठनात्मक रूप से सक्षम बनाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भईयालाल राजवाड़े समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश सह संयोजक आईटी सेल संजय सोनी ने बूथ समिति को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानप्रकाश दुबे ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह मेजर ने भारतीय जनसंघ से भाजपा तक की वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए धारा 370 हटाने, श्रीराम मंदिर निर्माण और तीन तलाक समाप्त करने जैसे फैसलों का उल्लेख किया। युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने छग की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अवधेश जैन ने कहा कि भाजपा का वैचारिक आधार एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्टवाद है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भारत तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी एमसीबी द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को लाई स्थित द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के प्रदेश एवं क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। शिविर का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक कौशल का विकास करना तथा उन्हें पार्टी की कार्यपद्धति एवं जनसंपर्क के विभिन्न आयामों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ अजय जामवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अवधेश जैन, प्रशिक्षण प्रभारी रामलखन सिंह पैकरा, प्रशिक्षण व्यवस्था प्रमुख भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, शिविर नियंत्रक लखनलाल श्रीवास्तव, डोमरू बेहरा सहित प्रदेश एवं जिले के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं के लिए सीखने और स्वयं को निखारने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि शिविर में आयोजित सभी 11 सत्रों में अनुशासित होकर भाग लेना आवश्यक है, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के विभिन्न विषयों की गहन जानकारी प्राप्त कर सके और उसे अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू कर सके। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता को सभी विषयों को गंभीरता से ग्रहण करना होगा। संगठन का विस्तार, जनसंपर्क, संवाद कौशल और सामाजिक विषयों की समझ एक कार्यकर्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास पर जाएं तो वे संगठन की विचारधारा और योजनाओं को प्रभावी ढंग से समाज के सामने रख सकें। श्री जामवाल ने सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों की जानकारी और उसका सकारात्मक उपयोग भी संगठनात्मक कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता गंभीरता से प्रशिक्षण नहीं लेंगे तो शिविर का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें राष्टसेवा के लिए सदैव सीखने और स्वयं को विकसित करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। साथ ही अनुशासन को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उन्होंने सभी से अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में भाजपा की विचारधारा, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क, सोशल मीडिया प्रबंधन तथा संगठनात्मक दायित्वों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# डॉक्टर और स्टॉफ मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें

## जिला अस्पताल में कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने गुरूवार को जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नए मरीजों के पंजीयन कक्ष, विभिन्न वार्डों तथा बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से सीधे बातचीत कर उपचार एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि अस्पताल जांच-उपचार के साथ-साथ लोगों की उम्मीद और विश्वास का केन्द्र होता है।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, क्योंकि वे न केवल मरीजों का जीवन बचाते हैं, बल्कि उनके परिवारों में खुशियां भी लौटाते हैं। उन्होंने डॉक्टरों एवं अस्पताल स्टॉफ से कहा कि मरीजों और उनके परिजन के साथ आत्मीय संवाद एवं मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना भी उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि कई बार संवेदनशील व्यवहार ही मरीज की आधी तकलीफ दूर कर देता है। कलेक्टर ने वार्डों में भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं, जांच एवं उपचार संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल स्टॉफ को निर्देशित करते हुए कहा कि चाहे कार्य का कितना भी दबाव क्यों न हो, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि डॉक्टर एवं स्टॉफ समय पर अस्पताल पहुंचें और नियमित रूप से मरीजों की जांच, उपचार व वार्डों का निरीक्षण करें। साथ ही अस्पताल में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने दिन एवं रात में ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों से कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समय पर भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। वार्डों, शौचालय कक्ष, बेड की नियमित सफाई करने तथा शौचालय कक्ष में लाइट व पानी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां के स्टॉफ से विगत आठ माह में उपचार के लिए पहुंचे बुजुर्गों की संख्या तथा उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही मरीजों से नियमित फीडबैक लेने के लिए रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन नए जिला अस्पताल भवन में बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र को भी स्थान दिया जाए, ताकि सभी वर्गों के लोगों को एक ही परिसर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# चिंताझोर पोड़ी में मनाया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर 28 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंताझोर पोड़ी में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान के अंतर्गत यूनिसेफ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार तथा जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट विनोद कुमार राय के आदेशानुसार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रशिक्षण, क्विज प्रतियोगिता, जनजागरूकता अभियान, घर-घर संपर्क, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन एवं दीवार पेंटिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राज्य मुख्यालय आयुक्त शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिवस की शुरूआत वर्ष 2014 में की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षित माहवारी प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़े मिथकों को समाप्त करना है। उन्होंने यह भी बताया कि 28 मई की तारीख प्रतीकात्मक रूप से चुनी गई है क्योंकि महिलाओं का मासिक चक्र सामान्यतः 28 दिनों का माना जाता है और माहवारी औसतन 5 दिनों तक चलती है। विद्यालय परिसर एवं चिंताझोर पोड़ी बाजार में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# वार्ड में अब नहीं होगी जल भराव एवं पानी निकासी की समस्या

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में लोगों को बारिश के समय पर जल भराव की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वार्ड में केना बांध तालाब के समीप लम्बे समय से बहुप्रतीक्षित बड़े नाले के निर्माण का भूमि पूजन महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने किया। इस नाले के निर्माण से वार्डवासियों को मौसमी जलभराव और जलनिकासी की गंभीर समस्या से निजात मिलेगी।

वार्ड में ननि द्वारा 22 लाख की लागत से बड़े और 5.50 लाख की छोटी नाली का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित नाले का निर्माण ऋषि पांडे के निवास से लेकर महेश चौबे के घर तक किया जाएगा। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए नाली जलनिकासी के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इस स्वीकृति के पीछे वार्ड भ्रमण के दौरान मिली वास्तविक समस्याओं और अनुशंसाओं का अहम योगदान रहा। महापौर ने वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्वेता गुप्ता की सक्रियता व समर्पित प्रयासों का कई बार उल्लेख किया।

# अकीदत के साथ पढ़ी ईद उल अजहा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को सरगुजा संभाग में ईद उल अजहा का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने ईदगाह और मस्जिदों में ईद की दो रकत नमाज अता की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की बधाई दी।

नमाज के बाद समाज के लोगों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं समाज के लोगों द्वारा नमाज उपरान्त कुर्बानी की रस्म अदा की गई। बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा बकरीद के त्यौहार को लेकर लंबे समय से तैयारियां की जा रही थी। ईद उल अजहा को लेकर ईदगाह व मस्जिदों में कमेटियों द्वारा व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। ईद उल अजहा को लेकर इस बार लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। ईद उल अजहा की नमाज को लेकर सुबह से ही समाज के लोग ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। ईदगाह में पेश इमाम द्वारा बकरीद के बारे में जानकारी देने के साथ ही लोगों ईमान के रास्ते पर चलने, आपसी भाईचारे की सीख दी गई। शनिवार को ईदगाह में सुबह 9 बजे बकरीद की नमाज अता की गई। ईदगाह में जामा मस्जिद के हाफिज व कारी असीमुद्दीन साहब द्वारा ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई गई। वहीं शहर के रसूलपुर मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने सुबह 7.30 बजे ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई गई। वहीं शहर के जामा मस्जिद, केन्द्रीय जेल के साथ ही अन्य मस्जिदों में भी ईद उल अजहा की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई। नमाज के बाद समाज के लोगों ने अपने व परिवार के सुख समृद्धि के साथ ही देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गए मिलकर ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी। नमाज के बाद समाज के लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने परिवार के सदस्यों की कब्र पर फातिहा पढ़ने के बाद कुर्बानी की रस्म अता की। बकरीद को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी ईदगाह व कब्रिस्तान में व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंटक और लोकमंच...

के लिए छोड़ दिया गया है। साथ ही निविदा प्रक्रिया में ठेकेदारों के बंद लिफाफों से दस्तावेज चोरी होने के मामले की जांच की मांग भी उठाई गई है। दोनों संगठनों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो नगर निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

### सरई एवं महुआ...

में नशा भी शामिल है, जिसके कारण दुर्घटनाएं एवं आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फूड बास्केट, मत्स्य जाल, आइस बॉक्स सहित विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्री वितरित की गई। वहीं दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण के रूप में व्हीलचेयर एवं छड़ियां प्रदान की गइंं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को खुशियों की चाबी एवं अभिनंदन पत्र का वितरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज वितरण तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं से ई-केवाईसी कराने की अपील की, जबकि समाज कल्याण विभाग ने पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, सीमांकन एवं बंटांकन जैसे मामलों के त्वरित निराकरण की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने की अपील भी की गई। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से जल संरक्षण के लिए स्वयं पहल करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, सोनहत एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत, अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, योजना फ्लॉप

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनियाडीह में भीषण पेयजल संकट ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। गांव के हैंडपंप और बोर लगातार जवाब दे रहे हैं, वहीं जिम्मेदार विभाग और प्रशासन गहरी नींद में सोए हुए नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, लेकिन करोड़ों की नल जल योजना अब तक सिर्फ कागजों और दिखावे तक सीमित है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नल जल योजना का काम 1 वर्ष पहले पूरा हो चुका है। पाइपलाइन बिछा दी गई, पानी टंकी भी खड़ी कर दी गई, लेकिन आज तक एक बूंद पानी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ। गांव के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती। गर्मी बढ़ते ही पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गांव की ओर झांकने तक नहीं पहुंच रहे हैं ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द नल जल योजना चालू नहीं की गई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई।



# उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण की जांच

**बैकुण्ठपुर।** कृषि विभाग कोरिया के उप संचालक द्वारा जिल्दा समिति में खाद अनियमितता के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि जिले की समितियों में उपलब्ध उर्वरकों का भंडारण शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं अभिलेखों के अनुसार किया जाता है। प्रारंभिक जांच में विभिन्न स्थानों पर अभिलेखीय एवं भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

■ अनियमितता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों का आवंटन, उठाव एवं वितरण सतत प्रक्रिया होने के कारण समितियों में उपलब्ध स्टॉक की स्थिति समय-समय पर बदलती रहती है। कृषि विभाग के अनुसार संबंधित समितियों में भंडारित उर्वरकों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, जिसके बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। विभाग ने यह भी कहा है कि समस्त समितियों में उर्वरक भंडारण एवं वितरण की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने की बात भी विभाग द्वारा कही गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि: स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ